(d) what fresh precautions Government propose to take to check thefts from and smuggling through this airport?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) Yes, Sir.

(b) The revolvers were misplaced and have subsequently been located.

(c) The case referred to in (a) above is under investigation by the Police Authorities.

(d) The security has been strengthened by posting of more Police Personnel at the exit points, regulation of the issue of gate passes, restriction of entry into the bonded area, provision of more area for storage and processing of import cargo etc.

रेलवे में कम्प्यूटरों द्वारा आरक्षण पर खर्च

2084. **श्री शरद यादव** ; क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में कम्प्यूटरों द्वारा आरक्षण की व्यवस्था शुरू करने पर कितना खर्च हुआ है ;

(ख) इसके रख-रखाव का मासिक खर्च कितना है ;

(ग) ये कम्प्यूटर कितना काम करते हैं तथा कितने व्यक्तियों के बराबर का काम करते हैं; और

(घ) कम्प्यूटर द्वारा यात्रियों को जारी की जाने वाली टिकट की औसत लागत कितनी है तथा कार्ड व्यक्तियों द्वारा जारी की जाने वाली कार्ड-बोर्ड की टिकट की लागत कितनी हैं ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) दिल्ली क्षेत्र में यात्री आरक्षणों के संगणकीकरण में लगभग 18.63 करोड़ रूपये की लागत आने की प्रत्याशा है ।

(ख) वर्तमान प्रणाली (चरण 1) की अनुरक्षण लागत 5.4 लाख रूपये प्रति माह है ।

(ग) हाथ से आरक्षण करने की प्रणाली के अंतर्गत प्रति आपरेटर प्रति पारी 90 आरक्षण किये जाने की तुलना में कम्प्यूटर प्रणाली से औसतन 150 से अधिक आरक्षण किये जाते हैं ।

(घ) सूचना इक्ट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

प्राथमिक विद्यालय

2085. **श्री राम अवधेश सिंह** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कुल कितने प्राथमिक विद्यालय हैं और इनमें से कितने विद्यालयों में समुचित इमारत, ब्लैक बोर्ड, शौचालय तथा पीने का पानी की कोई सुविधा नहीं है ;

(ख) देश के कितने विद्यालयों में केवल एक ही शिक्षक हैं ; और

(ग) क्या सरकार प्रत्येक पंचायत क्षेत्र में नवोदय टाइप का एक-एक विद्यालय खोलने का विचार रखती है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) चौथे अखिल भारतीय शैक्षणिक सर्वेक्षण के अनुसार, दिनांक 30-9-78 तक की यथा-स्थिति के अनुसार देश में 4,74,636 प्राथमिक स्कूल थे । 40% स्कूल असंतोषजनक भवनों में थे, 39.7% स्कूलों में ब्लैक बोर्ड नहीं थे, 85.2% स्कूलों में समुचित शौचालय सुविधाएं नहीं थी और 59.5% स्कूलों में संतोषजनक पीने के पानी की सुविधाएं नहीं थीं ।

(ख) वर्ष 1983-84 तक उपलब्ध सूचना के अनुसार 1,61,646 प्राथमिक स्कूल, एक शिक्षक वाले स्कूल थे ।